## एक नजर में

### जन अभियान परिषद द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन

**माकड़ोन।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज जन अभियान परिषद विकासखंड तराना जिला उज्जैन सेक्टर माकडोन की नवांकुर संस्था नांदेड़ ने शासकीय माध्यामिक विद्यालय नांदेड़ में विद्यार्थियों को तिरंगा वितरित किए गए एवं बच्चों के संग तिरंगा यात्रा निकाली गई तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अजिता परमार तथा निकाय सदस्य, घनश्याम जोशी, संदीप मालवीय, भंवर लाल भाटी, भगवान सिंह डोंगरवाल, छात्र छात्राएं भावना जावा उपस्थित रहे।

### भव्य तिरंगा यात्रा आज सुबह 9 .30 बजे नरेंद्र मोदी स्टेडियम से, विभिन्न मंचों से करेंगे स्वागत

**नागदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर संपूर्ण देश में तिरंगा यात्रा एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद् नागदा के तत्वावधान में आज दिनांक 14 अगस्त प्रात: 9.30 बजे नरेंद्र मोदी स्टेडियम से एक भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ होगा। यह यात्रा देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। नगर पालिका परिषद् के समस्त पार्षदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित नगर के प्रबुद्धजन, सामाजिक संस्थाएँ एवं आमजन से सपरिवार एवं ईष्ट-मित्र सहित यात्रा में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया गया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित यह तिरंगा यात्रा सिंदूर ऑपरेशन की सफलता और वीर सैनिकों के सम्मान को समर्पित होगी, जो निश्चित ही देशभक्ति और एकता की भावना को प्रबल करेगी। जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

### कालेज में निकाली तिरंगा यात्रा

**घट्टिया** । स्व. नागुलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा में प्राचार्य डॉ पुलकिता आनंद, सुनील गुजराती, ओपी कटारा, श्याम रावत, मनीष बैरागी, रेखा सोलंकी सहित विद्यार्थी उपस्थित थे । विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत रंगोली भी बनाई ।

### नवोदय में 11वी की रिक्त सीटों पर प्रवेश 20 तक

**घट्टिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में कक्षा 11वी में रिक्त हुई विज्ञान संकाय में 9 सीटों और वाणिज्य संकाय में 11 सीटों पर प्रवेश हेतु अंतिम 20 अगस्त कर दी गई है। प्राचार्य किरण म्हस्के ने बताया कि प्रवेश की अंतिम 10 अगस्त तय थी जिसे बढ़ाकर 20 अगस्त किया गया है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 10 वी में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाना अनिवार्य है ।

### भगवान योगेश्वर की सवारी धूमधाम से निकली



**माकड़ोन।** 11 अगस्त को भगवान श्री योगेश्वर महादेव की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में सोमवार को सायं 4 बजे परम्परानुसार योगेश्वर सवारी धूमधाम से निकली। सवारी में भगवान श्री महाकालेश्वर ने पांच विभिन्न स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दिये। जिसमें पालकी में श्री चन्द्रमौलीश्वर और योगेश्वर, रथ पर श्री मनमहेश, बैलगाडी में गरूड पर शिवतांडव, बैलगाडी में नंदी पर श्री उमा-महेश एवं बैलगाड़ी में विराजमान होकर अपनी प्रजा का कुशलक्षेम जानने नगर भ्रमण पर निकले। पूजन पुजारी पं. गोपालकृष्ण नागर ने सम्पन्न करवाया।

### आरबीआई कहता है जानकार बनिए सतर्क रहिए



**माकड़ोन।** भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से स्पर्श वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन के माध्यम से जमाकर्ता एवं शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम माकड़ोन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। जिसमें स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न ग्रामों से आए समाज सेवी, महाविद्यालय, विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम को समझा और सुनिश्चित किया कि वे प्राप्त शासन द्वारा बैंकिंग संबंधित योजनाओं एव वर्तमान में हो रहे सायबर लूट से केसे बचा जाए यह जानकारी लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। ट्रेनर के तौर पर नीरज थोरात, समीर मिश्रा, अंशुल पटेल ने वित्तीय समावेशन एवं साइबर फ्रॉड से जुड़ी संपूर्ण जानकारी वीडियो और ऑडियो के माध्यम से दी। जिससे कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवंम रोचक बना दिया। इस अवसर पर शा. र उमावि माकड़ोन से कैलाश गामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मोहन लाल सोनी ने दी।

### शास्त्रोक्त रीति से हुई श्री श्याम श्रावण महोत्सव की पूर्णाहुति

**उज्जैन। पवित्र श्रावण मास में बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं पंचांगकर्ता ब्रह्मलीन ज्यो पं. श्यामणारायणजी व्यास की पावन पुनीत स्मृति में आयोजित श्री श्याम श्रावण महोत्सव की पूर्णाहुति पर 5100 दीपकों से बाबा गुमानदेव हनुमानजी महाराज का दरबार जगमगा उठा। आयोजक पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि महोत्सव में संपूर्ण श्रावण मास में सांस्कृतिक धार्मिक आयोजन होते रहे।**

12 अगस्त मंगलवार को मंदिर प्रांगण स्थित सिद्धेश्वर महामंगलेश्वर महादेव का 11 ब्राह्मणों द्वारा लघुरुद्र अभिषेक किया गया। हवन कर विधिवत शास्त्रोक्त रीति से पूर्णाहुति की गई। सायं 7 बजे से भक्तों द्वारा संपूर्ण मंदिर में 5100 दीपक लगाए गए। रात्रि 8.30 बजे महाआरती हुई और श्री श्याम श्रावण महोत्सव का विश्राम हुआ। दीपकों की रोशनी में मंदिर का दृश्य मनोहारी लग रहा था जिसे देख भक्त प्रसन्न हुए। इस अवसर पर अनंतनारायण मीणा, कन्नू खटवानी, जयंत द्विवेदी, पं. राम शुक्ल, प्रख्यात त्रिवेदी, अधीश द्विवेदी, डॉ. पतंजलि पांडे, पं. कमल शुक्ल, नंदकिशोर प्रजापत, विजय प्रजापत, वासुदेव जादव, अक्षत जोशी, अभिनव जोशी, नवनीत खत्री, कौशल सांखला आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने दिया सीएम के नाम ज्ञापन

**घट्टिया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिला इकाई उज्जैन के नेतृत्व में अपनी 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन बुधवार को एसडीएम राजाराम करजरे को दिया ।**

केंद्रीय कृषि मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जामंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन बुधवार दोपहर 12 बजे यूनियन के जिला अध्यक्ष भगवानसिंह राजपूत के नेतृत्व में जिला और तहसील इकाई के पदाधिकारियों एवं सैंकड़ों क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति में बाईक



रैली निकालकर दिया । ज्ञापन में उज्जैन जिले में किसानो को फसल बीमा क्लेम की मिलने वाली राशि को 100त्न नुकसानी अनुसार देने, सभी फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदने, नर्मदा सिंचाई योजना को विस्तारित करने सहित 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौपा ।

ज्ञापन देने में यूनियन के जिला प्रवक्ता देवराम जाट (जांगू), तराना अध्यक्ष जीवन शर्मा, उज्जैन अध्यक्ष जयराम जाट, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता संगम सिंह कौरव, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल, नागदा अध्यक्ष नानालाल जाट, उपाध्यक्ष शांतिलाल निम्बोदा, सुमेरसिंह, अरुण व्यास, चरण जाट, पूर्व सरपंच भंवरलाल मुकाती, नागूसिंह झाला, ओम रावल, संतोष राठौर, शिवपाल सिंह झाला, भूपेन्द्र सिंह, दरबार सिंह, पूर्व सरपंच भंवरलाल रावल, दीपक ठाकुर, महेश व्यास रामसिंह सेठ जालमसिंह राजपूत राजेन्द्र सिंहगढ़ी, लेखराज मालवीय, बनेसिंह गुजराती, दिनेश चौधरी, जितेंद्र सिंह, कमलसिंह बोड़ाना आदि अनेकों क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति रही । जिलाध्यक्ष राजपूत ने बताया कि अगर सरकार द्वारा हमारी मांगे नहीं मानी गई तो निकट भविष्य में यूनियन द्वारा जिला और तहसील स्तर पर उग्र आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा ।



## धूमछधाम से तिरंगा यात्रा निकली

**घट्टिया।** आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत बुधवार को भाजपा मंडल घट्टिया के तत्वावधान में विधायक सतीश मालवीय के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा घट्टिया से प्रारम्भ होकर जलवा, कालूखेड़ी, झीतरखेड़ी, दौलतपुर, रुंजी, मालीखेड़ी, ढाबला गोरी, बिछडोद होते हुए नजरपुर में समापन हुआ । यात्रा के शुभारंभ अवसर पर विधायक मालवीय ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की पहचान, शान और हमारे लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है और तिरंगा यात्रा एक ऐसा आयोजन है जो हमारे भीतर देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करता है। हमे अपने देश की अखंडता, एकता और समर्पण की भावना को हमेशा बनाए रखना है । तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ी को देश भक्ति का संदेश देते हुए हमारे देश की गरिमा को बनाए रखने का आव्हान करते हैं। यात्रा में मंडल अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह जलवा, यात्रा प्रभारी जितेंद्रसिंह पंवार, जसवंत सिंह उमठ, महेंद्रसिंह बना, श्रीमती यशोदा बैरागी, विश्रामसिंह कराड़ा, ईश्वरसिंह कराड़ा, देवेंद्र आंजना, गोविंद शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक भाजपा कार्यकर्ता वाहनों पर सवार होकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए निकले। तिरंगा यात्रा का सभी गांवों में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

## महामृत्युंजय तपस्वी पूजा अर्पित चौपड़ा के तप अनुमोदनार्थ, प्रभुजी का वरघोड़ा

**महिदपुर। साध्वी चंदनबाला आदि ठाणा 5 की निश्रा में महिदपुर में भव्य चातुर्मास केचलते तपस्या की झड़ी लगी हुई है। उग्र एवं कठोर तपस्या के क्रम में अजय-सुनीता चौपड़ा की पुत्रवधू पूजा अर्पित चौपड़ा के 31उपवास की पूर्णाहुति पर पूरे नगर में निकले वर घोड़े एवं तपस्वियों की शोभायात्रा में गजराज पर तपस्विनी अपने श्रीमान के साथ विराजित रहीं।**

घोड़े धारी रथ (बग्घी) में प्रत्येक में तीन-तीन तपस्वी कुल मिलाकर शत्रुंजय तप, मोक्ष दण्ड तप आदि विविध तप के अनुमोदनार्थ लगभग 60 तपस्वी बड़ी धूमधाम से निकले। खाचरौद के बैंड के साथ बड़ी धूमधाम से रथ यात्रा निकली। रथ यात्रा में विराजित तपस्वी और परिवार जनों का पूरे नगर में भव्य स्वागत हुआ। नगर सुबह से ही धर्ममय दृष्टिगोचर हो रहा था।

सबसे आगे स्वर्ण बेदीजी में विराजित प्रभुजी को श्रद्धालुजन अपने कंधे पर धारण कर चल रहे थे। उनके पीछे साध्वी वृंद अलग-अलग वेशभूषा धारी सुश्राविकाओं के साथ चल रहे थे। ढोल- ढमाका और बाजे-गाजे के साथ तपस्वियों की शोभायात्रा भीमाखेड़ा मार्ग स्थित दादावाड़ी परिसर में जाकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई जहां साध्वीश्री ने तपस्या की महत्ता पर अपने उपदेश देते हुए इस विशिष्टता लिए हुए तप की अनुमोदना की।



धर्मसभा में सर्वप्रथम मोहिनी बांठिया ने मंगलाचरण और उषा जैन,सुनीता मानव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

**तपस्वी का विभिन्न श्रीसंघों ने किया बहुमान- सम्मान-** खरतरगच्छ श्रीसंघ से सरदारमल चौपड़ा, श्रीपाल चौपड़ा, नरेंद्र नाहर आदि ने बहुमान पत्र का वाचन संदीप चौपड़ा ने किया। तपागच्छ श्रीसंघ, दिगंबर जैन श्रीसंघ, हेम प्रभा बहूमंडल जिनदत्तसूरि युवा मंडल, नागेश्वर दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल,अवंती पार्श्वनाथ ट्रस्ट मंडल, झारडा जैन श्रीसंघ आदि ने भी सम्मान किया।

**अजमेर दादावाड़ी से मंगल कलश आगमन-** अजमेर स्थित दादावाड़ी विगत कई वर्षो से निष्पक्ष फैसले की राह में प्रतीक्षारत रही और अब न्यायालय से पक्ष में फैसला आने के बाद बाबूलाल सकलेचा एवं कानूनगो साहब यहां मंगल कलश भराने के पावन उद्देश्य को लेकर पधारे।समाजजनों ने यथासंभव सहयोग प्रदान किया।

**बहुमान में प्राप्त संपूर्ण राशि जीवदया में समर्पित-** चौपड़ा परिवार ने एक अनुकरणीय पहल की जिसकी सबने भूरि-भूरि प्रशंसा की। बहुमान में प्राप्त संपूर्ण राशि जीव दया में भेंट की। जानकारी दी गई कि दो और 31 उपवास की तपस्या विशाल कोचर एवं मोहित चौपड़ा की पूर्ण होने जा रही है। तत्पश्चात साधर्मिक वात्सल्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शैलेष चौपड़ा ने किया। यह जानकारी खरतरगच्छ श्रीसंघ के मीडिया प्रभारी जवाहर डोसी ने दी।



## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पुलिसकर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**घट्टिया। पुलिस थाना घट्टिया द्वारा बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बाइक रैली निकाली। पुलिस थाना घट्टिया से यात्रा प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर नजरपुर में यात्रा का समापन हुआ ।**

इस अवसर पर थाना प्रभारी करण खोवाल ने कहा कि हमारा राष्ट्र, हमारी पहचान है राष्ट्र प्रथम का अर्थ है देश से बढ़कर कुछ नहीं जब हम राष्ट्र प्रथम की भावना रखते हैं तो हम अपने निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर देश की सेवा, एकता और अखंडता को प्राथमिकता देते हैं।

वहीं तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है यह केवल एक ध्वज नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं, बलिदानों और संघर्षों का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम उन वीरों को याद करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई । यात्रा मे पुलिस कर्मी शामिल हुए ।

## संत जोसफ कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल महिदपुर के विद्यार्थियों ने जिले में लहराया परचम

**महिदपुर।** जिला उज्जैन में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगियों में विद्यालय के छात्रों द्वारा भागीदारी की गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सेमीफाइनल में महिदपुर विकासखंड का मुकाबला उज्जैन से हुआ जिसमें महिदपुर विकासखंड की टीम को 1-0 से विजय प्राप्त हुई। उसके पश्चात फाइनल मुकाबले में घटिया ब्लॉक के साथ मुकाबला हुआ जो कि बहुत रोमांचक रहा , इस रोमांचक मुकाबले में महिदपुर विकासखंड की टीम ने 2-0 से विजय प्राप्त की, संत जोसफ स्कूल से 6 , मॉडल स्कूल से 2 एवं एमपीएस स्कूल से 1 विद्यार्थि का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ। इस उपलब्धि में विद्यार्थियों का स्वागत नगर



पालिका परिसर में बहुत ही धूमधाम से किया गया। जिसमें संत जोसफ कॉन्वेंट स्कूल महिदपुर के प्राचार्य श्रीमान सोबी थॉमस, उपप्राचार्य अनीश थॉमस, मॉडल स्कूल महिदपुर के प्राचार्य रामेश्वर सोनी एवं महिदपुर नगर पालिका अध्यक्ष ने विद्यार्थियों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया। साथ ही महिदपुर विकासखंड प्रभारी प्राचार्य किशोर जी परमार, विद्यालय क्रीड़ा प्रभारी कमलेश साहनी, शिक्षक तूफान, सुदर्शन, लाखन, भरत, विशाल, दीपक, कुलदीप एवं विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं विद्यार्थी आने वाले मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का नाम गौरवान्वित करे ऐसे कामना की गई।

## भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने किया भगवान चित्रगुप्त का पूजन अभिषेक



**उज्जैन।** भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने अंकपात क्षेत्र स्थित कायस्थ समाज के भगवान चित्रगुप्त मंदिर में पूजन, दर्शन व आरती कीश्री चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्याय ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक आलोक संजर एवं दिलीप पटोदिया ने भगवान चित्रगुप्तजी को फूलों की माला पहनाकर, दीपक प्रज्जवलित कर अभिषेक किया। भगवान की आरती कर देश प्रदेश एवं शहर की खुशहाली एवं उन्नति की भगवान चित्रगुप्तजी से प्रार्थना की। पूजन पंडित तरुण रावल ने करवाया। मंगेश श्रीवास्तव ने आलोक संजर एवं दिलीप पटोदिया को भगवान चित्रगुप्तजी की तस्वीर भेंट कर मोतियों की माला एवं केसरिया दुपट्टा पहनाकर समाज की ओर से उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जगदीश पांचाल, मंगेश श्रीवास्तव, प्रियांश श्रीवास्तव, शिव श्रीवास्तव, दीपक सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

**जयंती** | वीर दुर्गादास की गौरव गाथाओं का वर्णन किया, स्मारक के विकास, आवश्यक सुविधाओं के साथ पहुँच मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग

# समग्र राजपूत समाज ने क्षत्रिय गौरव वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती मनाई

**उज्जैन। क्षत्रिय गौरव वीर दुर्गादासजी की 387 वीं जयंती समग्र राजपूत समाज के तत्वावधान में क्षिप्रा तट के समीप स्मारक पर 13 अगस्त को श्रद्धापूर्वक मनाई गई।**

वृहद् गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित राजपूत सरदारों द्वारा पूजन अर्चन कर वीर दुर्गादास की गौरव गाथाओ का वर्णन किया तथा स्थानीय स्मारक के समुचित विकास एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रस्ताव पारित कर प्रशासन से माँग किए जाने का निर्णय लिया। प्राथमिकता के आधार पर स्मारक स्थल तक पहुँच मार्ग के शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने की माँग शासन से की गई है।

कार्यक्रम के संयोजक भरत सिंह हाड़ा ने बताया कि वर्षभर



इस स्मारक पर देश विदेश से अनेक श्रद्धालु आकर यहाँ अपने श्रृद्धासुमन अर्पित करते हैं।

यह एक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक सम्पदा है जिसका संरक्षण पुरातत्व विभाग के अधीन है अत: शासन को आग्रह किया गया है की वे इसका यथासमय उचित संरक्षण करते रहें। जयंती अवसर पर सर्वश्री कार्तिकेय सिंह पीपलियाहामा, भरत सिंह हाड़ा, अश्विनी सिंह चौहान पिपल्यहामा, हरी सिंह सिसोदिया कायथा, ऊधम सिंह राठौड़, जीवन सिंह शेरपुर (करणी सेना), शैलेंद्र सिंह झाला (करणी सेना), महेंद्र सिंह पवार, हरनाम सिंह राठौड़ नागझीरी, कुलदीप सिंह पवार पीपलोदा द्वारकाधीश, गोपाल सिंह हिरावत एडवोकेट, ऋषिराजसिंह झाला कचनारिया झाला, रोहित सिंह हाड़ा, रघुराज सिंह झाला कचनारिया, शैलेंद्र सिंह राठौड़ झुमकी, यजुवेन्द्र सिंह सिसोदिया एडवोकेट छोटा रावला कायथा, महिपाल सिंह चौहान डाबड़ी एडवोकेट, प्रवीण सिंह राठौड़ भटपचालना, राजेंद्र सिंह चौहान कलेसर, रवींद्रसिंह सोलंकी जलवा, लोकेंद्र सिंह राठौड़, जितेंद्रसिंह पवार, जुझार सिंह, जसवंत सिंह राठौड़ आदि राजपूत समाजजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक भरत सिंह हाड़ा द्वारा उपस्थित राजपूत सरदारों का आभार व्यक्त किया गया एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा कि गई।